# पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिन्दी टीम

**पाठ्यक्रम 2021-22**

## कक्षा-छठी पाठ्यक्रम प्रथम चरण (1-15 मई)

### पाठ -3 (जय जवान! जय किसान!)

### अभ्यास

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें:-**


ਜਨਮ = जन्म
ਵਿਅਕਤੀ = व्यक्ति
ਸ਼ਕਤੀ = शक्ति
ਗੰਗਾ = गंगा
ਸਮਾਂ = समय
ਅੱਖਾਂ = आँखों

ਯਾਤਰਾ = यात्रा
ਪੁੱਤਰ = पुत्र
ਪੁੱਤਰੀ = पुत्री
ਸਮਾਪਤ = समाप्त
ਲਿਖਤੀ = लिखित
ਪ੍ਰੀਖਿਆ = परीक्षा

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिन्दी भाषा में शब्द दिये गये हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें:-**

ਇੱਜ਼ਤ = सम्मान
ਇੱਕ ਕਲਾਸ ਵਿੱਚ-
-ਪੜ੍ਹਨ ਵਾਲੇ = सहपाठी
ਧੰਨ ਦੀ ਕਮੀ = आर्थिक तंगी
ਮੰਤਵ ਉਦੇਸ਼ = उद्देश्य
ਜੇਲ੍ਹ = कारावास

ਪੱਕਾ ਇਰਾਦਾ = दृढ़ निश्चय
ਹਾਲਾਤਾਂ = परिस्थितियाँ
ਉੱਚੀ ਪਦਵੀ = उच्च पद
ਤਰਲੇ ਪਾਉਣਾ = गुहार लगाना
ਮੁਸ਼ਕਿਲ = विकट



**3.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें:-**

(क) जय जवान! जय किसान! का नारा किसने दिया?
उत्तर-जय जवान! जय किसान! का नारा श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने दिया।
(ख) लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म कब और कहाँ हुआ?
उत्तर-लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर 1904 ई.को बनारस के कस्बे मुगलसराय में हुआ।
(ग) जेल से आने के बाद लाल बहादुर जी ने कौन सी पढ़ाई पूरी की?
उत्तर- जेल से आने के बाद लाल बहादुर जी ने शास्त्री की पढ़ाई पूरी की।
(घ) पुत्री के बीमार होने पर उन्हें कितने दिन के लिए रिहा किया गया?
उत्तर- पुत्री के बीमार होने पर उन्हें 15 दिनों के लिए रिहा किया गया।
(ङ) शास्त्री जी का देहांत कब हुआ?
उत्तर- शास्त्री जी का देहांत 11 जनवरी,1966 ई. को हुआ।
(च) शास्त्री जी अपने सिद्धांतों से समझौता करने को क्या समझते थे?
उत्तर- शास्त्री जी अपने सिद्धांतों से समझौता करना आत्मघात समझते थे।

**4.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दें:-**

(क) शास्त्री जी अपने मित्रों से उधार क्यों नहीं माँगना चाहते थे?

उत्तर- बचपन से ही शास्त्री जी अपने सिद्धांतों पर चलते थे। वह अपने साथी से उधार माँगना अपने गौरव के विरुद्ध समझते थे।

(ख) लाल बहादुर शास्त्री जी ने लिखित शर्त पर जेल से छूटने से क्यों इन्कार किया?

उत्तर- लाल बहादुर शास्त्री जी जेल में थे तब उन्हें अपनी बेटी के बीमार होने का समाचार मिला। सरकार ने उन्हें रिहा करने के लिए राजनैतिक आंदोलन में भाग न लेने की लिखित शर्त रखी। इस शर्त पर शास्त्री जी ने रिहा होने से इन्कार कर दिया।

(ग) मौत से जूझते पुत्र को छोड़कर शास्त्री जी वापिस जेल में क्यों चले गए?

उत्तर-अंग्रेज़ सरकार ने शास्त्री जी को केवल एक सप्ताह के लिए ही जेल से रिहा किया था।बेटे को टाइफाइड था। एक सप्ताह का समय ख़त्म हो चुका था। बीमार बेटे के लाख मना करने पर भी आज़ादी के मतवाले शास्त्री जी मौत से जूझते हुए पुत्र को छोड़कर जेल चले गए।

(घ) लाल बहादुर शास्त्री जी में ऐसे कौन से गुण थे जिससे वे उच्च पद को प्राप्त कर सके?

उत्तर-साहसी,विनम्र,पक्के इरादों वाले तथा अपने सिद्धांतों पर चलने वाले आदि गुणों के बल पर ही लाल बहादुर शास्त्री जी प्रधानमंत्री जैसे उच्च पद को प्राप्त कर सके।

(ङ) लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

उत्तर-शास्त्री जी के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि अगर हम पक्के इरादे वाले हैं तो हम जीवन में कोई भी उच्च पद प्राप्त कर सकते हैं।

**5. नीचे दिए गए शब्दों से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरें-**

**निश्चय    दूसरे    एक पैसा    टाइफाइड    11 जनवरी 1966    कारावास**

(क) लाल बहादुर शास्त्री भारत के **दूसरे** प्रधानमंत्री थे।

(ख) वे अपने **निश्चय** पर दृढ़ रहने वाले व्यक्ति थे।


(ग) नाविक गंगा पार ले जाने का **एक पैसा** किराया लेता था।

(घ) नैनी **कारावास** के दौरान उन्हें अपनी पुत्री के बीमार होने का समाचार मिला।

(ङ) उनके पुत्र को **टाइफाइड** हो गयाथा।

(च) उनका देहांत **11 जनवरी 1966** को हुआ।

**6. (क) विपरीत शब्दों का मिलान करें :-**



**(ख) नए शब्द बनाओ-**

प्रधान + मंत्री = प्रधानमंत्री

अन्न+ दाता = अन्नदाता

राष्ट्र + प्रेम = राष्ट्रप्रेम

चिर+ निद्रा = चिरनिद्रा

सह + पाठी = सहपाठी

आत्म + घातक = आत्मघातक

**(ग) लिंग बदलो-**

माता = पिता

पुत्री = पुत्र

बाबू = बबुआइन

अध्यापक = अध्यापिका

बहन = भाई

**7.संयुक्त अक्षरों से नए शब्द बनाओ-**

दृष्टि = ष्ट =कष्ट,नष्ट

निश्चय = श्च = पश्चात्,पश्चाताप

आर्थिक = र्थ = अर्थ,व्यर्थ

शास्त्री = स्त्र = स्त्री,मिस्त्री

आत्म = त्म = खत्म,आत्मा

आन्दोलन = न्द = नन्द ,आनन्द

**8. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें:-**

1. (क) पिता की मृत्यु के बाद लाल बहादुर शास्त्री पर भारी कष्ट आ पड़े।
(साधारण तरीके से कही गई बात)

(ख) पिता की मृत्यु के बाद लाल बहादुर शास्त्री पर तो जैसे पहाड़ ही टूट पड़ा।
(विशेष तरीके से कही गई बात)

2. (क) भारतीय जवान अपनी जान की परवाह न कर के सीमा पर देश की रक्षा करते हैं।
(साधारण तरीके से कही गई बात)

(ख) भारतीय जवान अपनी जान हथेली पर रखकर सीमा पर देश की रक्षा करते हैं।
(विशेष तरीके से कही गई बात)

उपर्युक्त उदाहरणों में '**क**' वाक्य साधारण तरीके से तथा '**ख**' वाक्य विशेष तरीके से कहे गए हैं। इसी कारण '**ख**' वाक्य '**क**' वाक्यों की अपेक्षा अधिक सशक्त व प्रभावशाली हैं।**इस प्रकार विशेष शब्द प्रयोग को मुहावरा कहते हैं। मुहावरे सीधी-सीधी बात को अनोखे ढंग से प्रकट करते हैं। ये वाक्य के अंश होते हैं।**

**निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ दिए गए हैं इनके वाक्य बनायें :-**

1.स्वर्ग सिधारना (मर जाना) = 11 जनवरी 1966 को शास्त्री जी स्वर्ग सिधार गए।

2. गुदड़ी का लाल (निर्धन परिवार में जन्मा गुणी व्यक्ति) = लाल बहादुर शास्त्री जी गुदड़ी के लाल थे।

3. जिगर का टुकड़ा (बहुत प्यारा) = हर बच्चा अपने मां-बाप के लिए जिगर का टुकड़ा होता है।

4. जीवन लीला समाप्त होना (मर जाना) = लम्बी बीमारी के कारण राम के पिताजी की जीवन लीला समाप्त हो गई।

5. भरे मन से विदा लेना (दुःखी मन से जाना) = शास्त्री जी ने भरे मन से बेटे से विदा ली।

6. चिर निद्रा में सोना (मृत्यु को प्राप्त होना) = कोरोना के कारण बहुत सारे लोग चिर निद्रा में सो गए

**प्रयोगात्मक व्याकरण**

(क) 1- **लाल बहादुर शास्त्री** भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे।

2- उनका जन्म **बनारस** में हुआ।

3- वे मेला देखने **गंगा** पार गये।

ऊपर लिखे पहले वाक्य में '**लाल बहादुर शास्त्री**' किसी विशेष व्यक्ति के नाम का बोध कराता है।'**भारत**' शब्द से देश विशेष का ज्ञान होता है।दूसरे वाक्य में '**बनारस**' कहने से एक विशेष स्थान का ही विचार मन में आता है।इसी प्रकार तीसरे वाक्य में '**गंगा**' शब्द से एक विशेष नदी अर्थात् गंगा नदी का बोध होता है।

**अत: जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, स्थान या वस्तु का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।**

**नीचे लिखे वाक्यों में से व्यक्तिवाचक संज्ञा छाँटिये :-**


1- **लाल बहादुर शास्त्री** एक महान नेता थे।

2- **<u>लाल बहादुर शास्त्री</u>** की माता का नाम **<u>राम दुलारी</u>** व पिता का नाम **<u>शारदा प्रसाद</u>** था।
3- वे एक बार **<u>नैनी</u>** जेल गये।
(ख) 1- लाल बहादुर शास्त्री का जन्म साधारण **परिवार** में हुआ था।
2- शास्त्री जी की **पुत्री** बीमार थी।
3- उनका **स्कूल** गंगा पार था।
4- शास्त्री जी अनेक बार **जेल** गये।
ऊपर के प्रथम वाक्य में **'परिवार'**, दूसरे में **'पुत्री'** और तीसरे में **'स्कूल'** और चौथे में **'जेल'** ऐसे शब्द हैं जो किसी विशेष व्यक्ति वस्तु या स्थान को सूचित नहीं करते।

- **'परिवार'** किसी भी **'परिवार'** के लिए कहा जा सकता है।
- हरेक **'पुत्री'** के लिए **'पुत्री'** शब्द का प्रयोग किया जाता है।
- प्रत्येक **'स्कूल'** को **'स्कूल'** ही कहा जाता है।
- हरेक **'जेल'** के लिए **'जेल'** शब्द का ही प्रयोग होता है।

अर्थात 'परिवार' कहने से सभी परिवारों, 'पुत्री' कहने से सभी पुत्रियों,'स्कूल' कहने से सभी स्कूलों तथा 'जेल' कहने से सभी जेलों का बोध होता है, किसी एक का नहीं।
अतः ये शब्द किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध नहीं कराते अपितु ये शब्द पूरी जाति (वर्ग) का ज्ञान कराते हैं।इसीलिए य शब्द जातिवाचक संज्ञाएँ हैं।
**अतः जिस शब्द से किसी व्यक्ति,वस्तु या स्थान की संपूर्ण जाति या वर्ग का बोध हो,उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।**
**निम्नलिखित में से जातिवाचक संज्ञाएँ छाँटिये :-**
1- लाल बहादुर शास्त्री निश्चय पर दृढ़ रहने वाले **<u>व्यक्ति</u>** थे।
2- **<u>भारतीय सेना</u>** ने **<u>दुश्मन</u>** को धूल चाटने पर मजबूर कर दिया।
3- अंत में सरकार को स्वयं ही झुकना पड़ा।

**नीचे दिए गए शब्दों में बने बनाए शब्द मिलेंगे। शब्द में से कम से कम दो शब्द ढूँढ़िए और लिखिए:-**



## अभ्यास हेतु बहु-वैकल्पिक प्रश्न

1- 'लाल बहादुर शास्त्री' भारत के_________प्रधानमंत्री थे। (रिक्त स्थान भरें)

(क) पहले (ख) दूसरे (ग) चौथे (घ) पाँचवें

2- नाविक गंगा पार ले जाने का_________किराया लेता था। (रिक्त स्थान भरें)

(क) एक पैसा (ख) दो पैसे (ग) चार पैसे (घ) तीन पैसे

3- 'साधारण' शब्द का विपरीत शब्द होगा:-

(क) आलस्य (ख) दुराचार (ग) विशेष (घ) मृत्यु

4- लाल बहादुर शास्त्री जी में बचपन से ही ये गुण थे:-

(क) साहसी (ख) निडर (ग) पक्के इरादे वाले (घ) सभी विकल्प सही हैं

5- उनका स्कूल नदी__________के पार था। (रिक्त स्थान भरें)

(क) यमुना (ख) गंगा (ग) कावेरी (घ) सरस्वती

6- लाल बहादुर शास्त्री जी का प्रसिद्ध नारा कौन सा था?

(क) हिंदुस्तान ज़िंदाबाद (ख) तुम मुझे ख़ून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा

(ग) जय जवान ! जय किसान! (घ)भारत माता की जय

7- 'जिगर का टुकड़ा' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(क) बहुत प्यारा (ख) अनोखा (ग) कड़वा (घ) अद्भुत

8- पंजाबी शब्द 'ਪੁੱਤਰ'का हिन्दी अनुवाद क्या होगा?

(क) पुत्री (ख) पुतर (ग) पुतृ (घ) पुत्र

9- 'माता' शब्द का पुल्लिंग क्या होगा?

(क) मातृ (ख) पिता (ग) माताएँ (घ) माते

10- 'अन्न+दाता' को जोड़कर नया शब्द बनेगा:-

(क) अन्यदाता (ख) अनुदाता (ग) अन्नदाता (घ) अन्नदात्रा

11- 'जन्म' शब्द का विपरीत शब्द 'मृत्यु' है।(सही/गलत)

12- 'अध्यापक' शब्द का स्त्रीलिंग 'मुख्याध्यापिका' है। (सही/गलत)

13- 'इच्छा' शब्द में संयुक्त अक्षर 'च्छ' का प्रयोग हुआ है। (सही/गलत)

14- 'पुत्री' शब्द का पुल्लिंग 'पुत्र' है। (सही/गलत)

15- 'सह+पाठी' से नया शब्द बनेगा 'सहीपाठी' (सही/गलत)